नव भारत
1934 से
रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

## नेपाल में हर तरफ महाविनाश का भयानक मंजर

# बाढ़ का मलबा उगल रहा शव

**359** मौतें **1500** लापता **80** पुल ढहे **13** जलविद्युत प्रोजेक्ट बहे

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**काठमांडू, 27 अगस्त.** नेपाल की भोटेकोशी नदी में बुधवार को आए सैलाब ने देश के कई राज्यों में तबाही मचाई. इस महाप्रलय से हुए महाविनाश के मंजर अब बाढ़ उतरने के बाद दिखने लगे हैं. नदी का जल स्तर कम होने मैदानी इलाकों में जमा मलबे पर चारों ओर शव नजर आ रहे हैं. रेस्क्यू दल शवों के साथ ही जीवन की तलाश में जुटे हुए हैं. बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 359 पर पहुंच चुका है. इनमें सबसे ज्यादा चितवन में 121 शव मिले हैं. जबकि पूर्वी नवलपरासी में 74, धादिंग और गोरखा में 29-29, नुवाकोट में 28, तनहुन में 19, रसुवा में 17 और पश्चिमी नवलपरासी में 15 शव बरामद हुए हैं. इधर, 1500 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं. बाढ़ के कारण कई क्षेत्रों का परिवहन और संपर्क ढांचा भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है. जिससे कई इलाकों का संपर्क बाधित हो गया है. इसके चलते राहत कार्य में बाधा आने पर नेपाल सरकार ने 14 हेलिकॉप्टर रेस्क्यू के लिए उतारे हैं.




### 288 भारतीय लापता, 21 सुरक्षित बचाए, 11 की पहचान हुई

बाढ़ के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं. प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर और दूसरे साधनों से सुरक्षित जगह पहुंचाया जा रहा है. भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, नेपाल में 288 भारतीय नागरिकों से अभी संपर्क नहीं हो पाया है. इनमें 73 लोग त्रिशूली-1 पावर प्रोजेक्ट में काम करते हैं. वहीं, 21 भारतीयों को सुरक्षित बचाया गया है. इनमें से 11 लोगों की पहचान हो चुकी है.

### नेपाल में फंसी कोतमा की दोनों बहनें सुरक्षित



**भोपाल.** नेपाल में अनूपपुर जिले के कोतमा की दो सगी बहनें पलक और पल्लवी माझी फंसी हैं. दोनों से 27 अगस्त को देर शाम बमुश्किल संपर्क हुआ. उन्होंने खुद सुरक्षित होना बताया है, हालांकि परिजनों के अनुसार नेटवर्क की समस्या के चलते उनसे ज्यादा बात नहीं हो सकी. प्रदेश सरकार ने सहायता के लिए **हेल्पलाइन नंबर** 011-26772005 व **व्हाट्सएप नंबर** 9818963273 जारी किया है.

### मप्र के भी लोग फंसे


त्रासदी के बाद मध्य प्रदेश के भी कई लोगों के नेपाल में फंसे होने की जानकारी सामने आ रही है. हालांकि राज्य स्तर पर अब तक अनूपपुर जिले के दो और ग्वालियर के 1 व्यक्ति समेत 5 लोगों की सूचना है. जिनसे संपर्क कर लिया गया है, सभी सुरक्षित हैं. इनके अलावा महाराष्ट्र के 80, गुजरात के 12, तमिलनाडु के 21 और केरल के 17 पर्यटक फंसे बताए जा रहे हैं.

### उप्र, बिहार में हाई अलर्ट

नेपाल की बाढ़ के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार में भी प्रशासन अलर्ट पर है. गंडक, नारायणी और कोसी नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है. यूपी के महाराजगंज और कुशीनगर समेत बिहार के संवेदनशील इलाकों में प्रशासन को अलर्ट किया गया है. वहीं बिहार के 6 जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं.

### चीन ने फिर चेताया

चीन के अनुसार सैटेलाइट इमेज और शुरुआती एनालिसिस से पता चला है कि नदी रुक गई है और कल जिस जगह बाढ़ आई थी, वहां एक झील बन गई है. झील का पानी बढ़ रहा है और उसके फटने का खतरा है. इस स्थिति को देखते हुए, जब तक अगला नोटिस जारी नहीं होता, भोटेकोशी नदी के निचले किनारे वाले इलाकों में बेहद सावधानी बरती जाए.

Thread and butter!


रक्षाबंधन मना रहे हैं!

## जजों पर आरोपों का फैसला मीडिया में नहीं : सूर्यकांत

**नवभारत नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 27 अगस्त. भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि हाई कोर्टों में शेष मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर वह और कॉलेजियम के अन्य सदस्य पहले से काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जस्टिस संदीप मेहता की ओर से लिखे गए पत्रों का भी संज्ञान लिया गया है**

सीजेआई ने स्पष्ट किया कि न्यायाधीश के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर फैसला प्रक्रिया के तहत ही होगा. उन्होंने कहा कि आरोपों की सामग्री का सार्वजनिक मंच पर न्यायिक निर्धारण नहीं किया जा सकता और संबंधित न्यायाधीश को अपना पक्ष रखने का पूरा और निष्पक्ष अवसर मिलना जरूरी है. उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल आरोप लगाए जाने से वे न्यायाधीश के खिलाफ किसी निष्कर्ष या दोष का प्रमाण नहीं बन जाते. मामले की उचित स्तर पर जांच की जा रही है. इस प्रक्रिया में जस्टिस मेहता द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री के साथ-साथ जस्टिस शर्मा के जवाब पर भी विचार किया जाएगा.



कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के पद पर बने रहने, उनके तबादले या किसी अन्य प्रशासनिक कार्रवाई से संबंधित निर्णय सक्षम संस्थागत प्राधिकारी द्वारा सभी तथ्यों और सामग्री पर विचार करने के बाद लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों से संबंधित व्यक्तिगत शिकायतों को मीडिया में एक-दूसरे के दावों और प्रतिदावों के आधार पर तय करने की अनुमति नहीं दे सकता.

### एक नजर में

#### राखी का शुभ मुहूर्त

**उज्जैन.** पंडित जय शिव शर्मा ने बताया कि 28 अगस्त को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा. राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त प्रातः 7 बजकर 44 मिनट से 9 बजकर 18 मिनट तक लाभ, प्रातः 9 बजकर 18 मिनट से 10 बजकर 53 मिनट तक अमृत, दोपहर 12 बजकर 28 मिनट से 2 बजकर 53 मिनट तक अमृत, शाम 5 बजकर 12 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट तक चर मुहूर्त है.

#### नेशनल लॉ स्कूल ने रद्द किया दीक्षांत समारोह

**बेंगलुरु.** नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी ने अपने 34वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को रद्द कर दिया है. विश्वविद्यालय की ओर से नोटिस में जानकारी दी गई. कार्यक्रम पहले 12 सितंबर को था. दीक्षांत समारोह रद्द होने के बावजूद विद्यार्थियों की डिग्री प्रभावित नहीं होगी.

#### 'गुंडा' पर गरम हुई कांग्रेस, 8 विधायक निलंबित

**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र पहले ही कांग्रेस के 8 विधायकों को हंगामे के चलते निलंबित कर दिया गया. विपक्षी विधायक मुख्यमंत्री द्वारा गुंडागर्दी शब्द उपयोग करने पर काले कपड़े पहनकर विधानसभा में विरोध करते हुए बेल तक पहुंच गए.

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा



## कांगपोकपी में हथियारबंद हमले में 5 लोगों की मौत

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**मणिपुर, 27 अगस्त. मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की बड़ी घटना सामने आई है. कांगपोकपी जिले में गुरुवार सुबह हुए एक हथियारबंद हमले में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल बताया जा रहा है. मृतकों के नगा समुदाय से होने की जानकारी सामने आई है.**

हमला सुबह करीब 8:30 बजे कांगपोकपी जिले के मकुई अशांग और थानम्बा नगा के बीच आईटी रोड पर हुआ. यह सड़क नगा समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग मानी जाती है. पीड़ितों पर हथियारबंद हमलावरों ने हमला किया. हालांकि हमलावरों की पहचान और हमले के पीछे की वजहों को लेकर अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हैं.

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. आईटी रोड पर यात्रा करने वाले लोगों, विशेषकर नगा समुदाय के बीच सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग रोजमर्रा की आवाजाही के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. हत्या की खबर फैलते ही नगा पीपल्स ऑर्गनाइजेशन ने सेनापति जिला मुख्यालय में सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने का आह्वान किया है.

## अलग कमरों में रहना ही क्रूरता नहीं : हाईकोर्ट

### हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**बेंगलुरु, 27 अगस्त. कर्नाटक हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के बीच वैवाहिक विवाद से जुड़े एक मामले में अहम टिप्पणी की है.**

अदालत ने कहा कि एक ही मकान में अलग-अलग कमरों में रहना मात्र वैवाहिक क्रूरता साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है. यदि अलग रहने के साथ लगातार झगड़े, गाली-गलौज, भावनात्मक उपेक्षा और खराब व्यवहार जैसी परिस्थितियां मौजूद हों, तो पूरे घटनाक्रम को साथ में देखते हुए मानसिक क्रूरता का निष्कर्ष निकाला जा सकता है. अदालत ने फैमिली कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें विवाह विच्छेद के साथ पत्नी के लिए 25 हजार प्रतिमाह स्थायी भरण-पोषण तय किया गया था.

## खेल और फिटनेस जीवन का हिस्सा

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 27 अगस्त. तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से वर्चुअल संवाद किया. जिसमें टीएमयू के छात्र-छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**



**प्रधानमंत्री ने युवाओं से किया वर्चुअल संवाद**

**खेल और युवा शक्ति से ही देश का विकास संभव**

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण में खेल शक्ति और युवा शक्ति को जोड़ने का माध्यम हैं. पीएम ने आधुनिक स्पोर्ट्स इकोसिस्टम तैयार करने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि 2036 के ओलंपिक की मेजबानी करना भारत का सपना है. उन्होंने युवाओं से खेलों में भागीदारी बढ़ाने और फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया. मोदी ने मेजर ध्यानचंद का भावपूर्ण स्मरण भी किया. वहीं, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से स्थिर बनने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है.

उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी, पीयूष चावला और वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए युवाओं को खेलों को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया. जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने भी युवाओं से संवाद किया.


## एसएएफ के 650 पदों में पेंच

### भर्ती प्रक्रिया पर याचिका के बाद हाईकोर्ट करेगा निर्णय

**नवभारत न्यूज**

**जबलपुर, 27 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट ने विशेष सशस्त्र बल में 650 से अधिक पदों पर निकली बैंड भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया. मामले में भर्ती नियमों की अनदेखी के आरोप लगे हैं.**

कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन करते हुए पूरा रिकॉर्ड पेश करने के साथ ही जवाब पेश करने के निर्देश सरकार को दिये है.



दरअसल यह मामला जबलपुर निवासी रणजीत सिंह ठाकुर और मंडला निवासी पवन पुट्टा की ओर से दायर किया गया था. जिसमें कहा गया कि भर्ती नियमावली की कंडिका आठ के अनुसार एक पद के विरुद्ध तीन अभ्यर्थियों को स्किल टेस्ट या इंटरव्यू के लिए बुलाया जाना था.

इस हिसाब से 650 से अधिक पदों के लिए करीब 2100 अभ्यर्थियों को बुलाया जाना चाहिए था, लेकिन विभाग ने केवल 1200 अभ्यर्थियों की सूची जारी की. याचिका में कहा गया कि सूची में एससी, एसटी और अनारक्षित वर्ग के कटऑफ अंक भी जारी नहीं किए गए. कई अभ्यर्थियों के स्किल टेस्ट और वीडियोग्राफी होने के बावजूद उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया.

## विमान क्रैश में पायलट और ट्रेनी दोनों की मौत

**कानपुर, 27 अगस्त. कानपुर में ट्रेनिंग विमान हादसे का शिकार हो गया. दुर्घटना में पायलट सचिन भाटिया और प्रशिक्षु अभिषेक पुजारी की जान चली गई. विमान ने सुबह करीब 11:30 बजे चकेरी स्थित गर्ग एविएशन फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी से उड़ान भरी थी.**



20 मिनट बाद नाथपुरवा गांव के पास एयरक्राफ्ट अचानक नीचे आया और लगभग पांच फीट ऊंची बाउंड्री वॉल से टकराने के बाद खेत में जा गिरा. विमान हादसे से कुछ समय पहले करीब 200 से 250 फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था. अचानक एयरक्राफ्ट हवा में असंतुलित हुआ और तेजी से नीचे आने लगा. जमीन से टकराते ही उसका ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया.

**खगोलीय घटना** | 15 दिन में दो ग्रहण पड़ना वैश्विक और व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव का बड़ा संदेश

## बदलाव के दौर में दुनिया और हम

**डॉ. आशुतोष उपाध्याय**

**इंदौर, 27 अगस्त. वैदिक ज्योतिष में 15 दिन के भीतर पड़ने वाले दो ग्रहणों को 'द्विग्रहण' कहा जाता है. ज्योतिषीय परंपरा में इसे वैश्विक और व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव का संवेदनशील समय माना गया है.**

12 और 28 अगस्त के दोनों ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देंगे. इसलिए परंपरागत मान्यताओं के अनुसार सूतक, ग्रहणकालीन पूजा-पाठ पर रोक, मंदिरों के कपाट बंद करना या अन्य बाहरी कर्मकांडों का पालन आवश्यक



नहीं होंगे. सूर्य ग्रहण कर्क राशि और चंद्र ग्रहण कुंभ राशि के प्रभाव क्षेत्र में होने से सुरक्षा, परिवार, जनता, तकनीक, सामाजिक नेटवर्क और सामूहिक भावनाओं से जुड़े विषय प्रमुख हो सकते हैं. इसका असर अंतरराष्ट्रीय संबंधों, राजनीतिक नेतृत्व और आर्थिक परिस्थितियों में दिखाई देने की आशंका है. बाजार में उतार-चढ़ाव, सरकारों पर बढ़ता जनदबाव और बदलते वैश्विक गठजोड़ इस अवधि के प्रमुख संकेत होंगे . प्रकृति के स्तर पर भी जल और वायु तत्वों की सक्रियता बढ़ेगी, इसके चलते मौसम में असामान्य बदलाव, अत्यधिक वर्षा, तेज हवाओं या तकनीकी और संचार व्यवस्था से जुड़ी परेशानियों की संभावना बन रही हैं. व्यक्तिगत जीवन में यह समय बाहरी विस्तार के बजाय आत्ममंथन का माना जाता है. सूर्य ग्रहण से जुड़े आश्लेषा नक्षत्र को पुराने मानसिक पैटर्न, छिपी हुई भावनाओं और विषाक्त संबंधों से मुक्ति से जोड़ा जाता है, जबकि चंद्र ग्रहण शतभिषा नक्षत्र में होने के कारण भावनात्मक उपचार और दृष्टिकोण में बदलाव की संभावना है.

**12 राशियों पर प्रभाव**

| राशि | ग्रहण काल का प्रमुख संकेत |
| --- | --- |
| मेष | घर-परिवार के बाद मित्रों और सामाजिक संबंधों में बदलाव. |
| वृषभ | करियर में परिवर्तन के साथ संवाद और रिश्तों में नई चुनौती. |
| मिथुन | धन-संचय की समीक्षा, फिर सोच और जीवन-दृष्टि में बदलाव. |
| कर्क | व्यक्तित्व और जीवनशैली में बड़ा बदलाव; साझा धन पर ध्यान. |
| सिंह | पुराने मानसिक बोझ से मुक्ति, रिश्तों में निर्णायक मोड़. |
| कन्या | स्वास्थ्य और दिनचर्या महत्वपूर्ण; मित्रों के दायरे में बदलाव. |
| तुला | करियर में नई पहचान; प्रेम, संतान और रचनात्मकता पर असर. |
| वृश्चिक | शिक्षा और विचारों में बदलाव; परिवार और संपत्ति से जुड़े भावनात्मक फैसले. |
| धनु | आर्थिक और छिपे मामलों पर ध्यान; संवाद में सावधानी जरूरी. |
| मकर | साझेदारी और रिश्तों में बदलाव; धन और खर्च की पुनर्समीक्षा. |
| कुंभ | स्वयं को नए नजरिए से देखने का समय; जीवनशैली में बड़ा बदलाव. |
| मीन | रचनात्मकता और निवेश के बाद आध्यात्मिकता की ओर झुकाव. |

**राशिफल सामान्य ज्योतिषीय मान्यताओं पर आधारित है. व्यक्तिगत कुंडली के आधार पर परिणाम अलग हो सकते हैं.**

## उमर -शरजील दंगों के मास्टरमाइंड

### दिल्ली पुलिस ने हाई कोर्ट में जमानत का विरोध किया

**नई दिल्ली, 27 अगस्त. 2020 के दिल्ली दंगा मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है. जांच एजेंसी ने दोनों आरोपियों को दंगों की कथित साजिश का 'मास्टरमाइंड' बताते हुए राहत देने का विरोध किया है.**

यह मामला नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा से जुड़ा है. उस हिंसा में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई थी.



31 जुलाई को हुई पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से दोनों की नई जमानत याचिकाओं पर जवाब मांगा था. गुरुवार को सुनवाई के दौरान पुलिस ने अपने पक्ष में कहा कि जांच के दौरान ऐसे साक्ष्य सामने आए हैं, जिनसे कथित तौर पर दंगों की योजना तैयार करने, लोगों को संगठित करने और पूरे घटनाक्रम में रणनीतिक भूमिका निभाने की बात सामने आती है.

पुलिस ने दोनों की मौजूदा जमानत याचिकाओं को चुनौती देते हुए इन्हें समय से पहले दाखिल की गई याचिकाएं बताया. जांच एजेंसी का तर्क है कि जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने इसी मामले में कुछ सह-आरोपियों को जमानत दी थी, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को राहत नहीं मिली थी. पुलिस के मुताबिक, शीर्ष अदालत ने दोनों की भूमिका को अन्य आरोपियों से अलग माना था.मामले में यूएपीए की धारा 43डी(5) भी महत्वपूर्ण है.